# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## तारांकित प्रश्न

## 25 फ़रवरी, 2026

----

कुल प्रश्न 20

----

### सशस्त्र बल तैयारी संस्थान की स्थापना करना

*41 **श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा बजट सत्र 2024-25 के दौरान किसान मॉडल विद्यालय, चरखी दादरी के रिक्त भवन में एक सशस्त्र बल तैयारी संस्थान को स्थापित करने की घोषणा की गई थी; तथा

(ख) यदि हाँ, तो उक्त भवन में उपरोक्त संस्थान के कब तक कार्यात्मक बनाए जाने की संभावना है?

----

### हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गड्ढों तथा सडकों की दरारों की मरम्मत को शामिल करना

*42 **श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या राज्य में हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गड्ढों तथा सड़कों की दरारों की मरम्मत को शामिल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

### जल भराव की समस्या का समाधान करना

*43 **श्री भगवान दास (नीलोखेडी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि गांव समाना बाहु में प्रतिवर्ष सैकडों एकड़ में फैली हुई फसलें बरसाती मौसम के दौरान जल भराव के कारण क्षतिग्रस्त हो जाती हैं जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान होता है ;

ख) क्या उक्त गांव में जल भराव की समस्या का समाधान करने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा उपाय किए गए हैं; यदि हां ,तो उसका ब्यौरा क्या है ; तथा

ग) यदि नहीं, तो उपरोक्त समस्या के स्थायी समाधान के लिए सरकार द्वारा प्रभावी पग कब तक उठाए जाने की संभावना है?

----

### नशीली दवाओं के दुरूपयोग को रोकने तथा नियंत्रित करने के लिए उठाए गए पग

*44 **श्री गोकुल सेतिया ( सिरसा):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि: –

(क) क्या यह तथ्य है कि जिला सिरसा नशीली दवाओं के दुरूपयोग से तथा टैपेन्टाडोल तथा प्रेगाबालिन जैसे नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार से गंभीर रूप से प्रभावित है;

(ख) सिरसा नागरिक अस्पताल की नशा-मुक्ति प्रकोष्ठ की वर्तमान स्थिति क्या है, जिसमें स्वीकृत बैडों की संख्या, अमले की संख्या तथा दवाइयों की उपलब्धता का ब्यौरा शामिल हो, तथा क्या ये सुविधाएँ रोगियों की संख्या के अनुरूप पर्याप्त हैं;

(ग) नशे के आदी व्यक्तियों के पूर्ण उपचार, पुनर्वास तथा समाज की मुख्यधारा में पुनः सम्मिलित किए जाने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन सी योजनाएँ लागू की जा रही हैं तथा सिरसा जिले के लिए विशेष रूप से सरकार द्वारा क्या प्रावधान या उपाय किए जा रहे हैं;

(घ) सिरसा में नशे का दुरुपयोग को रोकने एवं नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; तथा

(ङ) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2023 एवं 2024 के दौरान क्रमशः 9,707 एवं 13,628 ओपीडी रोगियों तथा 756 एवं 802 आंतरिक (इंडोर) रोगियों से अधिक का उपचार किए जाने के बावजूद अस्पताल में बैडों की संख्या 50 तक ही सीमित है, जिसके कारण दवाईयों की भारी कमी तथा प्रशासनिक अव्यवस्था हो रही है; यदि हां, तो उक्त अव्यवस्था के लिए उत्तरदायी अधिकारी कौन हैं?

----

**स्टेडियम का निर्माण पूरा न होने के कारण**

*45 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या राज्य खेल मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि गांव मसीतां में स्टेडियम का निर्माण कार्य पिछले कई वर्षों से अधूरा पड़ा है;यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

----

**छछरौली का गठन नगरपालिका के रूप में करना**

*46 **चौ. अकरम खान ( जगाधरी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या छछरौली को नगरपालिका के रूप में गठित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

**मकान मालिकों के संपत्ति हस्तांतरण विलेखों के निष्पादन की प्रक्रिया पूरा करना**

*47 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः -

क) क्या यह एक तथ्य है कि लगभग 40 वर्ष पूर्व, जनता कॉलोनी, बल्लभगढ़ में "कमजोर वर्ग आवास योजना" के अंतर्गत सरकार ने सैकड़ों लोगों को मकान आवंटित किए थे;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि चार दशक बीत जाने के बावजूद, नगर निगम फरीदाबाद (एम.सी.एफ) द्वारा इन मकानों के लिए आवंटियों के पक्ष में हस्तांतरण विलेख (स्वामित्व अधिकार) अभी तक निष्पादित नहीं किए गए हैं;

ग) विशिष्ट तकनीकी, कानूनी या प्रशासनिक कारण क्या हैं जिनके कारण ये विलेख असाधारण लम्बे समय से लंबित हैं; तथा

घ) निवासियों को उनके वैध संपत्ति अधिकार प्राप्त हो ऐसा सुनिश्चित करने के लिए सरकार/नगर निगम, फरीदाबाद द्वारा उपरोक्त मकानों के हस्तांतरण विलेखों की निष्पादन की प्रक्रिया को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**स्टेडियम का निर्माण करना**

*48 **श्री जस्सी पेटवाड़ ( नारनौंद):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या भूमि अधिग्रहण करके नारनौंद में एक स्टेडियम का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त स्टेडियम का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सीटों पर प्रवेश के लिए मानदंड एवं नियम**

*49 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः—

क) क्या राज्य में निजी विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) से संबंधित विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा कोई सीटें आरक्षित की गई हैं; यदि हाँ, तो आरक्षित की गई सीटों की कुल संख्या कितनी है तथा उन सीटों के आरक्षण के लिए निर्धारित मानदंड/नियम क्या हैं;

ख) पिछले शैक्षणिक सत्र के दौरान निजी विद्यालयों में ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश लेने के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या कितनी है तथा उन विद्यार्थियो की संख्या कितनी है जिन्हें वास्तविकता में प्रवेश मिला, तथा विद्यालय-वार प्राप्त आवेदनों एवं दिए गए प्रवेशों का ब्यौरा क्या है; तथा

ग) क्या शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे विद्यार्थियों, जिन्हें ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के अंतर्गत निजी विद्यालयों में प्रवेश नहीं मिल सका, के लिए कोई योजना या कार्य योजना बनाई गई है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**खेतों में पानी की निकासी का स्थायी समाधान उपलब्ध कराना**

*50 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या सिंचाई तथा जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि आदमपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव सारंगपुर, भाणा, भोडिया, सीसवाल, ढाणी सीसवाल, लाडवी, महलसरा, बालसमंद, मोडाखेड़ा तथा मोहब्बतपुर तथा नलवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव स्याहड़वा, नलवा, दाहिमा, गुंजार, भोजराज, बालावास, मंगाली, हरिकोट, कैमरी, गंगवा, आर्यनगर, हिंदवान, लुदास, शाहपुर, न्योली, मात्रश्याम, टोकस तथा पातन के खेतों में बरसाती मौसम में जलभराव हो जाता है; तथा

ख) यदि हाँ, तो क्या उपरोक्त गांव के खेतों से पानी की निकासी का स्थायी समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**बांधवारी लैंडफिल से सम्बंधित ब्यौरा**

*51 **श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः—

क) उन कंपनियों के नाम क्या है जिन्हें सरकार द्वारा गुरुग्राम- फरीदाबाद सीमा पर स्थित बांधवारी लैंडफिल के प्रबंधन, बायो-माइनिंग एवं कचरा निस्तारण कार्य सौपा गया है तथा इसके लिए निविदाओं की तिथियो तथा स्वीकृत राशि ब्यौरा क्या है;

ख) इन कंपनियों को अब तक कुल कितना भुगतान किया गया है तथा जमीनी स्तर पर कितने प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है;

ग) क्या यह तथ्य है कि इस स्थान से निकलने वाली जहरीली गैसों, प्रदूषित जल तथा धुएं के कारण आसपास के गांवों के निवासी गंभीर बीमारियों से झूझ रहे हैं;

घ) क्या सरकार द्वारा उपरोक्त कार्यों की किसी तृतीय-पक्ष तकनीकी एवं वित्तीय लेखा परीक्षा कराई गई है; तथा

ङ) यदि हाँ, तो दोषी कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करने, गलत भुगतान की वसूली करने तथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई करने के लिए सरकार की समयबद्ध योजना क्या है?

----

**रेलवे ओवर ब्रिज (आर.ओ.बी.) या रेलवे अंडर ब्रिज (आर.यू.बी.) का निर्माण करना**

*52 **श्री राजेश जून ( बहादुरगढ़):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या बहादुरगढ़ शहर में निम्नलिखित रेलवे फाटकों पर रेलवे ओवर ब्रिज (आर.ओ.बी.) या रेलवे अंडर ब्रिज (आर.यू.बी.) का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैः-

(i) रेलवे फाटक संख्या 21-सी (छोटू राम नगर);

(ii) रेलवे फाटक संख्या 22-सी (परनाला);

(iii) रेलवे फाटक संख्या 24-सी (बराही), विशेषकर लाइन-पार क्षेत्र के लिए; तथा

(ख) यदि हाँ, तो प्रत्येक प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त रेलवे ओवर ब्रिज या रेलवे अंडर ब्रिज के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

**एलिवेटिड फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण करना**

*53 **श्री सतीश कुमार फागना (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि प्रतिदिन यातायात प्रवाह तथा जाम के घनत्व में बढोतरी के कारण बल्लभगढ़ से पाली तक एक एलिवेटिड फ्लाईओवर ब्रिज की अत्यधिक आवश्यकता है;

ख) क्या उपरोक्त परियोजना मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है;

ग) इस परियोजना के लिए सरकार द्वारा कुल कितना बजटीय प्रावधान किया गया है तथा उपरोक्त पुल का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है; तथा

घ) क्या हरचंद रजवाहा के साथ 7 किलोमीटर सड़क का निर्माण सिंचाई विभाग के बजाय लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) विभाग के माध्यम से करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

**शिवाजी स्टेडियम पर सिंथेटिक ट्रैक बिछाना**

*54 **श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या कुरुक्षेत्र में द्रोणाचार्य स्टेडियम तथा करनाल में कर्ण स्टेडियम की तर्ज पर पानीपत के मॉडल टाउन में स्थित शिवाजी स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो शिवाजी स्टेडियम में उक्त सिंथेटिक ट्रैक कब तक बिछाए जाने की संभावना है; तथा

(ख) कुरुक्षेत्र तथा करनाल के स्टेडियमों में बिछाई गई सिंथेटिक ट्रैक पर सरकार द्वारा किस शीर्ष के अंतर्गत खर्च किया गया है?

----

**बस अड्डे को स्थानांतरित करना**

*55 **सरदार मनदीप चट्ठा (पेहोवा):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पेहोवा में सामान्य बस अड्डा शहर के बीच में स्थित है जिसके कारण स्थिर यातायात जाम लगा रहता है; तथा

(ख) क्या उक्त बस अड्डे को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**बूचड़खानों के विरुद्ध की गई कार्रवाई**

*56 **चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री कृपया बताएंगे कि नूंह जिले में चल रहे बूचड़खानों से सम्बंधित निम्नलिखित ब्यौरा क्या है:-

(क) क्या सरकार द्वारा उक्त बूचड़खानों में तथा आस-पास भूजल की गुणवत्ता की नियमित सैंपलिंग एवं निगरानी करवाई जा रही है; यदि हां, तो गत पाँच वर्षों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा उक्त बूचड़खानों में शून्य द्रव्य अपशिष्ट निर्वहन (जीरो लिक्विड डिस्चार्ज) मानकों की सरकार द्वारा सख्ती से पालना एवं निगरानी की कराई जा रही है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह तथ्य है कि यूनाइटेड फार्म प्रोडक्ट प्राइवेट लि. (घाटा शमशाबाद) द्वारा कथित रूप से पशुओं के रक्त में मिश्रित पानी छोड़े जाने के

कारण आसपास के गांवों के सरसों के खेत भर गए हैं /प्रभावित हुए हैं; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(घ) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त बूचड़खाने बार-बार उल्लंघन एवं दंड के बावजूद लगातार संचालित रहे हैं; यदि हाँ, तो उसके क्या कारण हैं; तथा

(ड) गत पांच वर्षों के दौरान सरकार को प्राप्त शिकायतों का बूचड़खानों-वार ब्यौरा क्या है तथा प्रत्येक शिकायत पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

----

**पुलियों /पुलों का निर्माण करना**

*57 **श्री राम करण (शाहबाद):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह एक तथ्य है कि शाहबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव कठुआ का बाढ़/बरसात के मौसम में शहर तथा आसपास के गांवों से पूरी तरह से संपर्क टूट जाता है जिसके कारण निवासियों को सम्पर्कता, आपातकालीन सेवाओं तथा दैनिक आवश्यकताओं के विषय में गंभीर कठिनाइयां होती है; तथा

ख) क्या इस समस्या के समाधान करने के लिए कठुआ से मुगल माजरा तक जाने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क पर दो साइफनों के ऊपर लंबी पुलियों/पुलों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**मुख्यमंत्री घोषणा की वर्तमान स्थिति**

*58 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 27282 की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

**खिलाड़ियों को लंबित राशि का वितरण करना**

*59 **श्री विकास सहारण(कलायत) :**
**श्रीमती विनेश(जुलाना) :**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि वर्ष 2022, 2023, 2024 तथा 2025 के लिए राज्य के खिलाड़ियों को घोषित नगद पुरस्कार, प्रोत्साहन राशि तथा अन्य वित्तीय देयों का वितरण लंबित पड़ा है;

(ख) ऊपर-वर्णित अवधि के दौरान राज्य के खिलाड़ियों के प्रति कुल देय राशि, वास्तविक भुगतान की कुल राशि तथा कुल लंबित/बकाया देयता का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या एथलीटों को उनके देय का भुगतान तुरंत प्राप्त हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ऐसे भुगतानों के वितरण के लिए अनिवार्य समय-सीमा निर्धारित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्त पदों को भरना**

*60 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) सिरसा ज़िले के रोड़ी, दादू, बड़ा गुढ़ा, पनिहारी, ओढां, दडबी, भावदीन तथा कालांवाली गांवों स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में वर्तमान में स्वीकृत पदों (उनकी नौकरी की ज़िम्मेदारियों के साथ) की कुल संख्या कितनी है तथा रिक्त पड़े पदों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या उपरोक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रिक्त पदों को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इनका ब्यौरा क्या है तथा उक्त स्वीकृत पदों के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है तथा वर्तमान में भर्ती की प्रक्रिया किस स्तर पर लंबित है; तथा

(ग) इन रिक्त पदों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन पर क्या प्रभाव पड़ा है तथा उपरोक्त गांवों में बिना रुकावट स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या वैकल्पिक व्यवस्थाएं बनाई हैं?

----